# प्रीलिम्स फैक्ट्स: 28 मार्च, 2019


- 3 वैज्ञानिकों को ट्यूरिंग पुरस्कार
- रुपया ब्याज दर डेरिवेटिव


## 3 वैज्ञानिकों को ट्यूरिंग पुरस्कार

हाल ही में योशुआ बेन्जियो, जेफरी हिंटन और यान ली चुन को ट्यूरिंग पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

- कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence) के क्षेत्र में डीप लर्निंग (Deep Learning) में विशेष योगदान के लिये इन वैज्ञानिकों को वर्ष 2018 का ट्यूरिंग पुरस्कार दिया जा रहा है।
- ध्यातव्य है कि विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence) का उपयोग बढ़ता जा रहा है।
- इन तीनों वैज्ञानिकों ने एक साथ मिलकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence) तकनीकी को विकसित किया है।

### ट्यूरिंग पुरस्कार

- एसोसिएशन ऑफ कंप्यूटिंग मशीनरी (Association of Computing Machinery) द्वारा स्थापित एसीएम ए.एम. ट्यूरिंग पुरस्कार (ACM A.M. Turing Award) को तकनीकी का नोबेल भी कहा जाता है।
- ट्यूरिंग अवार्ड 'कंप्यूटर क्षेत्र में स्थायी और प्रमुख तकनीकी महत्त्व' (Lasting and Major Technical Importance to the Computer Field) के योगदान के लिये दिया जाता है।
- ट्यूरिंग अवार्ड का नाम ब्रिटिश गणितज्ञ, एलन एम. ट्यूरिंग के नाम पर रखा गया था, जिन्होंने कंप्यूटिंग की गणितीय नींव और सीमाओं को स्पष्ट किया था।

---

## रुपया ब्याज दर डेरिवेटिव

हाल ही में रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया ने गैर-प्रवासियों (NRIs) को रुपया ब्याज दर डेरिवेटिव (Rupee Interest Rate Derivatives) में भागीदारी की अनुमति दे दी है जिसका उद्देश्य रुपया ब्याज दर स्वैप (Interest Rate Swap-IRS) बाज़ार को और अधिक प्रभावी बनाना है।

- गैर-प्रवासी भारतीय मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंजों, इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म और ओवर द काउंटर मार्केट्स में रुपया ब्याज दर डेरिवेटिव में लेनदेन कर सकते हैं।
- इस कदम से घरेलू बाज़ार में गैर-निवासियों की भागीदारी बढ़ने के साथ-साथ डॉलर के मुकाबले रुपए को स्थिरता भी मिलेगी।
- ‘**रुपया ब्याज दर डेरिवेटिव**’ एक ऐसा वित्तीय साधन है, जो ब्याज दरों में परिवर्तन के साथ बढ़ता और घटता है।
- ‘**रुपया ब्याज दर डेरिवेटिव**’ का उपयोग अक्सर संस्थागत निवेशकों, बैंकों, कंपनियों और लोगों द्वारा हेज के रूप में किया जाता है ताकि बाज़ार ब्याज दरों में बदलाव की स्थिति से बचा जा सके।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-28-03-2019